तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, सोमवार, 30 जून 2025



11 कार्यकर्ताओं ने सुना मन की बात कार्यक्रम





12 शिवा शिक्षा सदन विद्यालय में मां भगवती जागरण आयोजित




## खबर संक्षेप

### आंवली में घर में घुसकर महिला से मारपीट

**गोहाना।** गांव आंवली में महिला ने पड़ोसी को नाली में कूड़ा बहाने से मना किया। इस कहासुनी हो गई। बाद में आरोपितों ने घर में घुसकर उससे मारपीट की। सुमन ने पुलिस को बताया कि वह घर से बाहर निकली तो पड़ोसी जगमति नाली में कूड़ा बहाकर उनके घर की तरफ कर रही थी। उसने एतराज जताया तो वह उसे गाली देने लगी। इसके बाद वह अपने घर के अंदर चली गई। कुछ देर बाद जगमति व उसके स्वजन ने उसके घर में घुसकर उससे मारपीट की। उसने शोर मचाया तो उसके स्वजन आ गए, जिसके बाद आरोपी धमकी देकर चले गए।

### कथूरा में रास्ता रोककर किसान से मारपीट

**गोहाना।** गांव कथूरा में किसान का रास्ता रोककर मारपीट की। उसके बाद आरोपित ने कुल्हाड़ी से उसकी बाइक तोड़ दी। बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। सुनील ने पुलिस को बताया कि वह खेती करता है। वह पल्सर बाइक लेकर बस स्टैंड पर सब्जी व फल लेने गया था। इस दौरान गांव के वीरेंद्र ने अपने घर के सामने उसका रोक लिया और उससे मारपीट करने लगा। वह डर के चलते बाइक छोड़ वहां से भाग गया। इसके बाद वीरेंद्र ने साथी के साथ मिलकर बाइक को कुल्हाड़ी से तोड़ दिया।

### सिसाना से लापता बुजुर्ग का नहीं लगा सुराग

**खरखौदा।** सिसाना गांव से एक बुजुर्ग संदिग्ध हालत में बीते सात दिनों से लापता है। लापता 70 वर्षीय बुजुर्ग साहब सिंह के बेटे विक्की ने अपने ताऊ के परिवार पर ही उसके पिता की गुम होने के पीछे हाथ होने की आशंका जताई है। विक्की के मुताबिक उसके पिता 20 जून को घर से खेत में जाने की बात कहकर निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। उसका कहना है कि उनका उसके ताऊ के परिवार के साथ विवाद चला आ रहा है। वह कभी भी कहीं भी उनकी शिकायत दे देते हैं, हाल समय में भी मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

### नकदी व सोने व चांदी के आभूषण चोरी, केस

**गन्नौर।** चटिया औलिया गांव में बंद मकान का ताला तोड़ चोर नकदी व सोने चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। चोर घर मे लगा सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी अपने साथ ले गए। यशपाल ने बताया कि वह 26 जून को अपने परिवार के साथ रिश्तेदारी में गया था। कुछ देर बाद उसके भाई का फ़ोन आया कि घर का ताला टूटा हुआ है। जिसके बाद वह अपने घर पहुँचा ओर चेक किया तो कमरे व अलमारी का ताला टूटा पड़ा था और घर मे समान बिखरा हुआ था। अलमारी से 1 लाख 65 हजार रुपये की नकदी व 2 सोने की चेन, 2 सोने की अंगूठी सहित अन्य सामान चोरी हो गया था।

# नगर निगम की बढ़ेगी आय, विज्ञापन से होगी सवा 3 करोड़ की आमदनी

■ 6 करोड़ का रखा गया विज्ञापन से आय का लक्ष्य, प्रॉपर्टी टैक्स पर भी सख्ती

■ इस बार 58 नई साइट्स की निर्धारित, 48 नीलाम भी हुई : मेयर

■ अधिकारी बोले, पारंपरिक आय स्रोतों पर निर्भर रहना संभव नहीं

■ सड़क, सीवर, पानी, स्ट्रीट लाइट, पार्कों पर नगर निगम को बजट के काफी पैसा खर्च करने पड़ रहे

हरिभूमि न्यूज. सोनीपत

नगर निगम ने अपने राजस्व में इजाफा करने के लिए विज्ञापन से होने वाली आय को बढ़ाने की दिशा में पहल की है। निगम द्वारा इस बार 58 नई विज्ञापन साइटें निर्धारित की गई, जिनमें से 48 साइटें सफलतापूर्वक नीलाम कर दी गई हैं। इससे नगर निगम को लगभग 2 करोड़ 49 लाख रुपये की अतिरिक्त वार्षिक आमदनी होगी। अब कुल विज्ञापन आय सालाना करीब सवा 3 करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है, जो पिछले आंकड़े 74 लाख रुपये से कई गुना अधिक है।

### ये लक्ष्य निर्धारित

इस बार नगर निगम ने बजट में विज्ञापन से 6 करोड़ रुपये आय का लक्ष्य निर्धारित किया है। अधिकारियों को मुख्यालय से स्पष्ट निर्देश मिले हैं कि यदि निगम अपने राजस्व के साधनों में वृद्धि नहीं करता है, तो ग्रांट में कटौती की जा सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए निगम ने न सिर्फ विज्ञापन नीति को सक्रिय किया है, बल्कि प्रॉपर्टी टैक्स वसूली अभियान को भी तेज कर दिया गया है। टैक्स नहीं देने वालों की संपत्तियों को सील करने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।




### आय बढ़ाने की रणनीति पर निगम सख्त

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार अब सिर्फ पारंपरिक आय स्रोतों पर निर्भर रहना संभव नहीं है। शहर में नागरिकों को सड़क, सीवर, पानी, स्ट्रीट लाइट, पार्क जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करानी होती हैं, जिस पर हर साल मोटा बजट खर्च होता है। ऐसे में आय के नए साधन विकसित करना अनिवार्य हो गया है। निगम की विज्ञापन नीति के तहत आगे और भी नई साइटें चिन्हित की जाएंगी।

### आय बढ़ाने पर फोकस

शहर तेजी से विस्तार कर रहा है। नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए नगर निगम पर दबाव बढ़ता जा रहा है। वहीं निगम की आय सीमित है। ऐसे में अधिकारी आय बढ़ाने पर फोकस कर रहे है।

### निगम की आय सीमित है, लेकिन जिम्मेदारी बढ़ रही



वर्तमान में निगम की आय सीमित है, लेकिन सुविधाएं देने की जिम्मेदारी बढ़ रही है। विज्ञापन नीति से उम्मीद है कि भविष्य में राजस्व बढ़ेगा और नागरिक सुविधाओं में भी सुधार आएगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए युद्धस्तर पर कार्य चल रहा है। कई योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। कई पर अभी काम चल रहा है। आने वाले दिनों में शहर तेजी से विकास करेगा।

-**राजीव जैन**, मेयर, नगर निगम, सोनीपत

# खांडा व खेड़ी दहिया में फायरिंग करने के तीन आरोपी गिरफ्तार



**खरखौदा।** चोटिल होने पर उपचाराधीन आरोपी

■ मुख्य आरोपी अशोक की गिरफ्तारी के दौरान पैर टूटा, पीजीआई रोहतक में भर्ती

**खरखौदा।** खरखौदा क्राइम यूनिट ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए खांडा गांव और खेड़ी दहिया में फायरिंग की दो अलग-अलग वारदातों में वांछित आरोपी अशोक निवासी खांडा को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई का नेतृत्व क्राइम यूनिट इंचार्ज रविंद्र कुमार ने किया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अशोक, रोहतक रोड और खांडा के बीच नहर की पटरी के पास मौजूद है। टीम ने तुरंत दबिश दी। खुद को घिरा देख अशोक ने भागने की कोशिश की, लेकिन इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और टूट गया। पुलिस ने उसे तुरंत खरखौदा नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई रोहतक रेफर किया गया। फिलहाल आरोपी पुलिस निगरानी में इलाजरत है।पुलिस के अनुसार, अशोक के खिलाफ पहले से ही कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। हालिया फायरिंग की घटनाएं आपसी रंजिश और दबदबा कायम करने के उद्देश्य से की गई थीं। अशोक पर खांडा और खेड़ी दहिया गांव में गोलियां चलाने का आरोप है, जिससे इलाके में दहशत फैल गई थी।

**दो और आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे:** रविवार देर रात पुलिस ने अशोक के दो अन्य साथियों को भी गिरफ्तार किया। इनमें रवि पुत्र नरेंद्र, निवासी सिलाना को एक देशी कट्टा और एक रौंद सहित सूरज उर्फ टट्टू पुत्र कृष्ण, निवासी खांडा को झरोठी टोल प्लाजा और झरोठी गांव के बीच से काबू किया गया। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार करने की बात कह रही है। इंचार्ज रविंद्र कुमार ने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

# लूट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



■ पुलिस ने अदालत में पेश किया, तीन दिन के रिमांड पर

■ पिस्तौल के बल पर गाड़ी, रुपये व फोन लूटने का आरोप, तीसरा आरोपी फरार चल रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

थाना मोहाना पुलिस टीम ने पिस्तौल के बल पर गाड़ी, रुपये व मोबाइल लूटने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपित रोहतक के ओल्ड बस स्टैंड के आकाश और गोहाना में शिव नगर के अमित हैं। दोनों को न्यायालय में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। 20 जून को खानपुर खुर्द के राकेश ने थाना मोहाना में शिकायत दी थी कि वह अपने दोस्त यशपाल को गांव करेवड़ी छोड़ने गया था। जब वह सोनीपत-गोहाना रोड पर करेवड़ी मोड़ के पास लघुशंका के लिए रुका, तभी एक बाइक आकर उसकी गाड़ी के सामने रुकी और उस पर सवार तीन युवक उतरे। आरोपितों ने ड्राइवर साइड की खिड़की खोलकर पिस्तौल तान दी और राकेश को गाड़ी से नीचे उतार दिया।

एक युवक ने राकेश के साथ मारपीट की और तीनों गाड़ी लेकर फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार कार में 2.60 लाख रुपये नकद, पर्स में 26,000 रुपये और तीन मोबाइल थे। शिकायत के आधार पर थाना मोहाना में मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपितों को काबू कर लिया है। तीसरे आरोपी की तलाश जारी है।

# बोलेरो और पिकअप से अवैध शराब की खेप बरामद

■ वाहनों के चालक फरार, पुलिस ने केस दर्ज किया ■ तस्करों के नेटवर्क खंगालने में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

थाना सदर पुलिस ने रविवार को गांव किलोहड़द स्थित हनुमान मंदिर के पास बड़ी कार्रवाई करते हुए दो गाड़ियों से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। जब्त शराब की बोतलों पर फॉर सेल इन चंडीगढ़ अंकित था, जिसे अवैध रूप से हरियाणा में तस्करी कर लाया जा रहा था।

पुलिस ने शराब समेत दोनों गाड़ियों को जब्त कर लिया है, जबकि दोनों वाहन चालक मौके से फरार हो गए। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक बोलेरो पिकअप (बंद बॉडी) और एक आइसर वाहन में शराब लोड कर अवैध रूप से लायी जा रही है।




सूचना पर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो दोनों गाड़ियां लॉक हालत में खड़ी मिलीं, जिनकी तलाशी लेने पर 2844 शराब की बोतलें और 192 बीयर कैन बरामद हुईं। बरामद शराब की कुल अनुमानित कीमत लगभग 15.77 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आबकारी विभाग को मौके पर बुलाकर सैंपलिंग करवाई और एक्साइज एक्ट के तहत थाना सदर में मामला दर्ज कर लिया है। थाना सदर पुलिस का कहना है कि दोनों फरार चालकों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

■ थाना सदर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चंडीगढ़ लेबल वाली 2844 शराब बोतलें व 192 बीयर कैन जब्त

पुलिस इस तस्करी के पीछे सक्रिय गिरोह की तलाश भी कर रही है और पूरे नेटवर्क की गहनता से जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब तस्करों के खिलाफ अभियान और तेज किया जाएगा, ताकि क्षेत्र में शराब तस्करी पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

# कोचिंग सेंटर से साइबर ठगी, खाते से निकले 14. 83 लाख

### सात ट्रांजेक्शन में निकाली राशि, 24 जून को हुई ट्रांसफर

**सोनीपत।** एक कोचिंग सेंटर के बैंक खाते से 14 लाख 83 हजार रुपये की साइबर ठगी कर ली गई है। यह पूरी राशि सात ट्रांजेक्शन में निकाली गई, 24 जून को ट्रासंफर की गई है। कोचिंग सेंटर के मोबाइल नंबर पर कोई ओटीपी या मैसेज तक नहीं आया और न ही कोई अलर्ट मैसेज आया है। जब अकाउंटेंट ने नेट बैंकिंग लागइन कर बैलेंस चेक किया, तब जाकर उसे ठगी का पता चला। शहर के एक कोचिंग सेंटर की अकाउंटेंट ने साइबर थाना पुलिस को शिकायत दी है। उनकी संस्थान का एचडीएफसी बैंक में खाता है। 24 जून को इस खाते से 14,83,696 रुपये की सात अलग-अलग ट्रांजेक्शन हुईं, जिनका उन्हें कोई सूचना नहीं मिली।जब पीड़िता ने नेट बैंकिंग लागइन किया तो देखा कि राशि दो अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर की गई है। जांच में सामने आया कि ये ट्रांजेक्शन फर्जी वेबसाइट और जाली दस्तावेजों के माध्यम से खोले गए खातों में की गई हैं।ठगी की सूचना मिलते ही अकाउंटेंट ने साइबर अपराध की हेल्पलाइन 1930 पर काल कर शिकायत दर्ज कराई। साइबर थाना की पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मामले में केस दर्ज

शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ट्रांसफर किए गए बैंक खातों की जांच कर रही है। जल्द ही आरोपित की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
-इंस्पेक्टर बसंत कुमार, एसएचओ, साइबर थाना

# जानलेवा हमला करने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**गन्नौर।** थाना बड़ी पुलिस ने फायर कर जानलेवा हमला करने की घटना में संलिप्त तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपितों में ऋतिक उर्फ नंबरदार, अनमोल उर्फ देबू, दोनों निवासी बड़ी व मयंक उर्फ इशु निवासी गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश शामिल हैं। बड़ी थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह ने बताया कि गत 27 जून को रोहित निवासी बड़ी ने शिकायत दी थी कि जब वह अपने दोस्त के साथ बाइक पर ट्रांसपोर्ट आफिस जा रहा था, तो बड़ी जीटी रोड पुल के नीचे तीन युवकों ने उनकी बाइक रोककर मारपीट की। रोहित किसी तरह बचकर भागा, लेकिन कुछ देर बाद आरोपित उसके घर पहुंचे और उसकी भाभी पर छत पर खड़े होने के दौरान फायरिंग कर दी। उसकी भाभी पीछे हटकर बच गईं। आरोपितों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। कार्रवाई करते हुए सहायक उप निरीक्षक अमरजीत ने पुलिस टीम के साथ तीनों आरोपितों को दबोच लिया। अदालत ने तीन दिन के रिमांड पर भेजा है।

# देवशयनी एकादशी 6 को , 4 माह के लिए योगनिद्रा में जाएंगे भगवान श्री विष्णु, महादेव संभालेंगे सृष्टि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

■ शुभ योग, सर्वार्थ सिद्धि योग व अनुराधा नक्षत्र में होगी भगवान विष्णु की पूजा, चातुर्मास का होगा आरंभ

आषाढ़ शुक्ल एकादशी यानी 6 जुलाई 2025, रविवार को देवशयनी एकादशी का पावन पर्व मनाया जाएगा। सनातन परंपरा में अत्यंत महत्वपूर्ण इस तिथि से ही चातुर्मास का शुभारंभ होता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस दिन भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं और अगले चार महीनों तक सृष्टि के संचालन का कार्य भगवान शिव को सौंप देते हैं। इस दौरान विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन आदि मांगलिक कार्यों पर पूर्ण रूप से रोक रहती है।

आचार्य मनमोहन मिश्रा के अनुसार, एकादशी तिथि का प्रारंभ 5 जुलाई को शाम 6:58 बजे से होगा और यह 6 जुलाई को रात 9:14 बजे तक रहेगी। उदयातिथि के अनुसार, देवशयनी एकादशी का व्रत 6 जुलाई, रविवार को रखा जाएगा। देवशयनी एकादशी का पारण 7 जुलाई को प्रातः 5:29 बजे से 8:16 बजे के बीच किया जाएगा। इस दौरान साधकों को स्नान-ध्यान कर व्रत का विधिपूर्वक समापन करना चाहिए।

### ये है विशेष मुहूर्त

**ब्रह्म मुहूर्त** : सुबह 4:08 से 4:48 बजे
**अभिजीत मुहूर्त** : सुबह 11:58 से दोपहर 12:54 बजे
**विजय मुहूर्त** : दोपहर 2:45 से 3:40 बजे
**गोधूलि मुहूर्त** : शाम 7:21 से 7:42 बजे
**निशिता मुहूर्त** : रात 12:06 से 12:46 बजे
**एकादशी का पारण** : 07 जुलाई को सुबह 5:29 से 8:16 बजे

### ये है चातुर्मास



आचार्य मनमोहन मिश्रा के अनुसार देवशयनी एकादशी से लेकर देवउठनी एकादशी (कार्तिक शुक्ल एकादशी) तक की चार महीने की अवधि को चातुर्मास कहा जाता है। यह समय आध्यात्मिक साधना, संयम, ब्रह्मचर्य और आत्मचिंतन के लिए श्रेष्ठ माना जाता है। इस दौरान भगवान विष्णु की जगह क्रमशः शिव, श्रीकृष्ण, गणेश, पितृ, मां दुर्गा और मां लक्ष्मी सृष्टि संचालन का कार्य संभालते हैं। धार्मिक दृष्टि से यह समय बेहद पुण्यदायक होता है, लेकिन साथ ही सामाजिक रीति-रिवाजों के अनुसार मांगलिक कार्य नहीं किए जाते। श्रद्धालु इस अवधि में व्रत, भजन, कीर्तन, कथा श्रवण और सेवा जैसे कार्यों में समय बिताते हैं।

### तीन विशेष योग बन रहे

इस बार की देवशयनी एकादशी पर तीन विशेष योग बन रहे हैं, जिसमें सर्वार्थ सिद्धि योग, शुभयोग और अनुराधा नक्षत्र योग बन रहे हैं। इन योगों में भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना, व्रत, जप और दान करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है।

सर्वार्थ सिद्धि योग का समय सुबह 5:29 बजे से रात 1:11 बजे तक रहेगा, वहीं शुभ योग : सुबह से रात 10:03 बजे तक रहेगा। इसके अलावा अनुराधा नक्षत्र पूरे दिन और रात 1:11 बजे तक रहेगा।

# महिला के बैग से दस लाख के गहने चोरी करने के आरोप में दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

बस में महिला के बैग से आभूषण चोरी करने की घटना में संलिप्त दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। दोनों आरोपियों को न्यायालय मे पेशकर 6 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। है। गिरफ्तार एक आरोपी पर तो 3 जिलों में 7 मुकदमें दर्ज हैं। मिली जानकारी के अनुसार क्राईम यूनिट खरखौदा की पुलिस टीम ने बीते दिनों बस में महिला के बैग से आभूषण चोरी करने की घटना में संलिप्त 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी मोनू निवासी मोखरा व वीरेंद्र निवासी गौतम नगर गोहाना, सोनीपत दोनों इन दिनों कलानौर, रोहतक के रहने वाले हैं। मालूम हो कि 12 जून को गाँव रोहणा, सोनीपत निवासी एक महिला ने थाना खरखौदा में शिकायत दी कि 11 जून को समय तकरीबन 7 बजे सुबह जब वह बस अड्डा खरखौदा से प्राईवेट बस से बहादुरगढ जा रही थी, जो बस में बहुत ज्यादा सवारियां भरी हुई थी। इसी दौरान चोरों ने भीड़ का फायदा उठाते हुए उसके बैग से 2 सोने की चैन, 2 कड़े, मगंलसूत्र, अगूंठी, 2 जोडी कानों के झुमके, बच्चे के सोने के चांद और सुरज, चांदी की 3 जोडी नई पायल, 1 चांदी का रानी हार, 1 चांदी का हार, 1 चांदी का छोटा हार, चांदी का नथ, चांदी का टीका और बच्चे का चांदी का खिलौना तथा कुछ पुरानी टूटी और पुरानी चांदी भी शामिल थी।



खरखौदा। पुलिस की गिरफ्त में आरोपित।

जिसकी कीमत करीब 10 लाख रुपये है। जब रास्ते में उसने अपने बैग को चैक किया तो उसके बैग से सारी कीमती चीजें चोरी हो चुकी थी। इस घटना का थाना खरखौदा में मामला दर्ज किया गया था।



## सावन की मस्ती

सावन माह शुरू होने जा रहा है। सावन की मस्ती से भला कौन वाकिफ नहीं। रिमझिम के दौरान युवाओं के अलावा बच्चे भी घरों की छतों पर या गलियों में अक्सर उछल-कूद करते हुए देखे जा सकते हैं। गलियों में पानी भर जाने पर कागज की किश्ती बनाकर उसे तैराना हर किसी के जीवन का खास यादगार पल होता है। किशोरों की टोलियों को बरसात में भीगना, एक-दूसरे को भिगौना खूब सुहाता है। ऐसे में बड़े-बुजुर्ग और महिलाएं अक्सर गुलगुले-पकौडे.आदि पकवान का स्वाद लेते हैं।

# चौमासे में गुलगुले-घेवर की खुशबू से महकेंगी गलियां

*प्रदेश में सावन के महीने में सरसों के तेल का सेवन सेहत के लिए उत्तम माना जाता है। इसलिए आज भी गांव-देहात में सावन के महीने में गुलगुले और सुहाली बनाकर खाए जाते हैं। एक समय ऐसा भी था, जब बारिश होते ही सभी घरों में कढ़ाइयां चढ़ जाती थी और सरसों के तेल में मीठे आटे से गुलगुले और सुहालियां बनाई जाती थी। कोथली के लिए और घरों में खाने के लिए आजकल बाजारू चीजों को वैरियता दी जाने लगी है। अब बारिश के मौसम में गुलगुले व सुहाली भी कम ही बनने लगे हैं।*



चातुर्मास

राज कुमार नरवाल

चौमासा शुरू हो गया है। बारिश का मौसम आ गया है। अब हमारा रहन सहन, खान-पान और पहनावा बदल जाएगा। हमारे पूर्वजों ने ऋतुओं के हिसाब से ही हमारी परंपराएं व रीति-रिवाज बनाए थे। हमारे पूर्वजों के बनाए इन नियमों पर चलते हुए हम अपने आप को स्वस्थ रख सकते हैं। झुलसाने वाली ज्येष्ठ महीने की गर्मी के बाद आषाढ़ महीना चल रहा है। 11 जुलाई से सावन का महीना शुरू हो जाएगा। बरसात के इस मौसम में हमें क्या खाना चाहिए और क्या नहीं खाना चाहिए, हमारे पूर्वजों ने हमारे लिए नियम तय किए थे। सबसे पहले बात करते हैं कि चौमासा होता क्या है?

हरियाणा में 'चौमासा' शब्द का उपयोग वर्षा ऋतु के चार महीनों (आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद और आश्विन) के लिए किया जाता है। इसे चातुर्मास भी कहा जाता है। इस दौरान, शुभ और मांगलिक कार्यों को करना शुभ नहीं माना जाता है। चातुर्मास चार महीनों (120 दिन) का होता है, जो आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी (देवशयनी एकादशी) से शुरू होता है और कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी (देवउठनी एकादशी) तक चलता है। इन चार मास में हमारा खान-पान और रहन सहन बदल जाते हैं। इस दौरान कुछ त्योहार भी आते हैं। इन त्योहारों को धूमधाम से मनाया जाता है। चौमासा शुरू होते ही हमारे गांवों की गलियां गुलगुले, सुहाली और घेवर की खुशबू से महकने लगती हैं। चौमासा शुरू होते ही शहरों और गांवों में अभी से ही घेवर बनना शुरू हो गया है। सावन का महीना शुरू होते ही बरसात के मौसम में बनाए जाने वाले पकवानों की महक और बढ़ जाएगी।

### गुलगुले और सावन का खास मेल

गुलगुले-सुहाली और सावन के महीने का खास मेल है। हरियाणा प्रदेश में सावन के महीने में सरसों के तेल का सेवन सेहत के लिए उत्तम माना जाता है। इसलिए आज भी गांव-देहात में सावन के महीने में गुलगुले और सुहाली बनाकर खाए जाते हैं। एक जमाना ऐसा भी था, जब बारिश होते ही सभी घरों में कढ़ाइयां चढ़ जाती थी और सरसों के तेल में मीठे आटे से गुलगुले और सुहालियां बनाई जाती थी। कोथली के लिए और घरों में खाने के लिए आजकल बाजारू चीजों को वैरियता दी जाने लगी है। पहले की बजाए अब बारिश के मौसम में गुलगुले व सुहाली भी कम ही बनने लगे हैं।

### भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत बनाती है सावन की कोथली

हरियाणा में महिलाओं के मान-सम्मान से जुड़े कई ऐसे रीति रिवाज हैं, जो आज भी गांव-देहात में प्रचलित हैं। यहां सावन के महीने में भाई अपनी बहन को कोथली देने जाता है। इसमें वह उसके कपड़े, गुलगुले, सुहाली, घेवर, पतासे व फल आदि लेकर जाता है।

बहनों को सावन में अपने भाइयों का बेसब्री से इंतजार रहता है, कि कब भाई आए और वह अपने आस-पड़ोस व परिवार को बताए कि उसका भाई उसकी कोथली लेकर आया है। महिलाएं कोथली में आए सामान को आस-पड़ोस में बड़े चाव से बांटती हैं। लेकिन कोथली का यह रिवाज अब आधुनिकता की भेंट चढ़ता जा रहा है। बहन-भाई के रिश्ते अब पहले जितने प्रगाढ़ नहीं रहे, जिस वजह से अब बहुत से भाई अपनी बहन की कोथली देने नहीं जाते।

किसी जमाने में जो भाई अपनी बहन की कोथली नहीं देने जाता था, उसे समाज में हीन भावना से देखा जाता था और समाज के डर से नाराजगी में भी वह अपनी बहन की कोथली देने जाता था। बहन व भाई नाराज हो जाते थे तो सावन के महीने में भाई कोथली लेकर बहन के घर पहुंचता तो सारे गिले-शिकवे दूर हो जाते थे। कोथली एक ऐसा रिवाज है, जिससे बहन और भाई का रिश्ता और मजबूत बनता है। मगर अब वह पहले जैसी बात नहीं रही। अब रिश्तों की मिठास कम होती जा रही है। सावन में कोथली यदि लेट हो जाती तो महिलाएं गीतों के माध्यम से उलाहने देना शुरू कर देती थी। एक गीत में एक महिला ने किसी जमाने में उलाहना देते हुए यह गीत गाया था कि-

*नीमों के निंबोली लागी सामणिया कद आवैगा,*
*मरियो ए बसंता नाई मेरी कोथली कब लावैगा।*

पुराने जमाने में यदि भाई को समय नहीं होता तो नाई को कोथली देने भेज देते थे। इसलिए इस गीत में नाई का जिक्र है। एक महिला का भाई नहीं था, जिसने गीत के माध्यम से कोथली न पहुंचने की पीड़ा अपनी सास के साथ इस प्रकार जाहिर की थी

*ऐरी सासड़ तीजां का बड़ा त्योहार*
*मेरा कोन्या मां का जाया बीर,*
*मेरी कोथली कोण पहुंचावैगा।*

### सावन माह में सिंधारा

शादी के बाद जब पहला सावन आता है तो सावन के महीने में लड़की अपनी ससुराल में नहीं रहती। वह अपने मायके चली जाती है। इस दौरान नवविवाहिता का ससुर सिंधारा लेकर बेटे की ससुराल पहुंचता है। इस सिंधारे में भी कोथली वाला ही सामान होता है। यह भी ऐसी परंपरा है, जिससे रिश्तों को मजबूती मिलती है।

### बहन के घर देते हैं सिधा

होली, दीपावली और मकर सक्रांति आदि त्योहारों पर भाई अपनी बहनों के पास सूट, फल, मिठाई और घी आदि लेकर जाते हैं। भाई को त्योहार पर अपने घर देखकर बहन बहुत खुश होती हैं। अपने दुख-सुख सांझा करती हैं और यदि बहन की आर्थिक स्थिति कमजोर हो तो भाई जो सामान लेकर पहुंचता है उससे परिवार का त्योहार अच्छे तरीके से मन जाता है।

### तीज का त्योहार

हरियाणा प्रदेश में वर्षा ऋतु (मानसून) के आगमन पर तीज का त्योहार सबसे पहले आता है, जो जुलाई या अगस्त में पड़ता है। कहा भी जाता है कि आई तीज, बिखेरगी बीज अर्थात तीज पर्व से त्योहारों का आगमन प्रारंभ हो जाता है। यह त्योहार पार्वती और भगवान शिव के प्रेम का प्रतीक है और हरियाली तीज के नाम से भी जाना जाता है। महिलाएं इस दिन हरे रंग के कपड़े पहनती हैं और रंग-बिरंगी चूड़ियां पहनती हैं।

### धार्मिक मान्यता

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दौरान भगवान विष्णु योग निद्रा में चले जाते हैं और भगवान शिव सृष्टि का संचालन करते हैं। चातुर्मास के दौरान, विवाह, गृह प्रवेश, सगाई जैसे शुभ और मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। यह समय पूजा-पाठ, जप, ध्यान, और आत्म-चिंतन के लिए उत्तम माना जाता है। चातुर्मास में, कुछ लोग जमीन पर सोते हैं, शाकाहारी भोजन करते हैं, और कुछ विशेष वस्तुओं जैसे कि गुड़, तेल, दूध, दही, बैंगन, शाकपत्र आदि का सेवन नहीं करते हैं।

### गोगा नवमी का त्योहार

यह त्योहार भाद्रपद महीने में मनाया जाता है। यह त्योहार गोगा वीर (एक लोक देवता) को समर्पित है, जो सांपों के देवता के रूप में भी जाने जाते हैं। इस दिन, लोग गोगा वीर की पूजा करते हैं और सांपों से सुरक्षा के लिए प्रार्थना करते हैं।

### लोकगीत और नृत्य

बारिश के मौसम में, हरियाणा में लोकगीत और नृत्य का विशेष महत्व है। लोग पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ गाते और नाचते हैं, जो बारिश और फसल के मौसम का जश्न मनाते हैं।

### चौमासा फसल के लिए खास

खरीफ की फसल के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। यह समय किसानों के लिए भी महत्वपूर्ण होता है, और वे इस दौरान अपने खेतों में काम करते हैं। बारिश का मौसम हरियाणा के किसानों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह फसल उगाने का समय होता है। इस दौरान, किसान खेतों में काम करते हैं और फसल की अच्छी पैदावार के लिए प्रार्थना करते हैं।

### इस मौसम में खान-पान का विशेष ध्यान रखना जरूरी

- बारिश के मौसम में हरी पत्तेदार सब्जियां नहीं खानी चाहिए। क्योंकि इनमें बैक्टिरिया और किटाणुओं से संक्रमित होने का खतरा बना रहता है। पत्तों के बीच में कीड़े मिलने की संभावना बनी रहती है।
- लौकी, करेला और तोरई का सेवन करना : चाहिए।
- दूध और दूध से बने उत्पाद जैसे दही, छाछ व पनीर सीमित मात्रा में प्रयोग करना चाहिए।
- मांस, मछली और अंडे तामसिक भोजन में आते हैं, ये पाचन तंत्र को प्रभावित करते हैं, इसलिए चौमासा में इनका सेवन करने से बचना चाहिए।
- बैंगन में भी कीड़े होने की संभावना बनी रहती है, इसलिए बैंगन नहीं खाना चाहिए।
- धार्मिक मान्यताओं में भाद्रपद महीने में तो दही का सेवन वर्जित माना गया है।
- मूंग, मसूर और अरहर की दाल का सेवन करना चाहिए।
- मौसमी फल जो शरीर को विटामिन और खनिज प्रदान करते हैं, ऐसे फलों का सेवन करना चाहिए।
- संभव हो तो चौमासे में दिन में केवल एक बार ही भोजना करना चाहिए। रात को हल्का भोजन या फल खाना चाहिए। पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए। भोजन को साफ़ और स्वच्छ वातावरण में बनाना चाहिए।
- चौमासा के दौरान, स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए।
- यदि कोई व्यक्ति किसी बीमारी से पीड़ित है, तो उसे डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए कि उसे क्या खाना चाहिए और क्या नहीं खाना चाहिए।

रागनी | डा. रणबीर सिंह दहिया



## निकम्मा घना सै करतार

सोलां सोमवार के ब्रत राखे मिल्या नहीं सही भरतार
दुख की छाया ढली कोण्या निकम्मा घना सै करतार

बालकपन तैं चाहया करती मन चाहया भरतार मिलै
बराबर की इंसान समझै ठीक ठाक सा घर बार मिलै
उठते बैठते सोच्या करती बढ़िया सा मनै परिवार मिलै
मेरे मन की बात समझले नहीं घणा वो थानेदार मिलै
इसकी खात्तर मन्नत मानी चढ़ावे चढ़ाए मनै बेसुमार
दुख की छाया ढली कोण्या निकम्मा घणा सै करतार

मेरी सहेली नै ब्याह ताहिं एक खास भेद बताया था
सोलां सोमवार के ब्रत करिये मेरे को समझाया था
बोली मनचाहया वर मिलै जिसनै यो प्रण पुगाया था
मनै पूरे नेग जोग करे एक बी सोमवार ना उकाया था
बाट देखै बढ़िया बटेऊ की यो म्हारा पूरा ए परिवार
दुख की छाया ढली कोण्या निकम्मा घणा सै करतार

कई जोड़ी जूती टूटगी फेर जाकै नै यो करतार पाया
पहलम तै बोले बहु चाहिए ना चाहिए सै धन माया
ब्याह पाछै घणे ताने मारे छोरा बिना कार के खंदाया
सपने सारे टूटगे मेरे बेबे सोमवार ब्रत काम ना आया
पशु बरगा बरतावा सै ना करै माणस बरगा व्यवहार
दुख की छाया ढली कोण्या निकम्मा घणा सै करतार

ये तो पाखण्ड सारे पाये ना भरोसा रहया भगवान मैं
उसकी ठीक गलत सारी पु[redacted]ायी ना दया उस इंसान मैं
फेर न्यों बोले पाछले मैं क[redacted] रही भक्ति तनै पुगाण मैं
आंधा बहरा राम जी भी [redacted] आया पिटती छुड़ाण मैं
कहै रणबीर बरोने आल[redacted] आज पाखंडाँ की भरमार
दुख की छाया ढली कोण्या [redacted] निकम्मा घणा सै करतार

कविता | राजपाल सिंह गुलिया



## मजबूरी का मोल नहीं सै

मजबूरी का मोल नहीं सै, कहते आए लोग सयाणे।
देखे हमने अकल बिना भी, इस दुनिया में ऊँट उभाणे ॥

टोटा बैरी मजबूरी म्हँ, जिब चूँट - चूँट कै खावै सै।
लाचारी हो पर्वत तैं भारी, कुछ ना पार बसावै सै।
आग बलै ना अगर पेट म्हँ, तै कोण कमावण जावै से।
मजबूरी या प्यार घणा हो, ना तै कोण किसे कै खावै सै।
कोण अपणा भेद बतावै सै, बिना जाणे और पिछाणे ॥

घणा कसूता काम देख ल्यो, माणस जिब मजबूर हों सैं।
कुछ तै फाँसी खा कै मरज्या, कुछ नशे म्हँ ए चूर हों सैं।
दर्द कसूता हो सै जिब, नूँह आंगलियाँ तैं दूर हों सैं।
वो भी हमने पिटते देख्ये, जिनके नाहीं कसूर हों सै।
इब वोहे लोग मसूर हों, जो गावैं सैं भूंडे गाणे।

जिनके देख्ये छो आवै सै, उनतै करणे सलाम पड़ैं सैं
दो धेले के माणस तैं भी, कदे जरूरी काम पड़ैं सैं।
लुक - छुप कै जो काम करे, मानने सरेआम पड़ैं सैं।
शौक और मजबूरी म्हँ तैं, देणे दूणे दाम पड़ैं सैं।
ज्यूँ आँधी म्हँ आम झड़ैं सैं, लागे न्यू ये दाम बिराणे ॥

किसै की घणी किसै की थोडी, सबकी ए मजबूरी हो सै।
वो भी फिरैं हाँडते मिरगा, जिन धोरे कस्तूरी हो सै।
दिल अपणे नै डाट बावले, यो भी भोत जरूरी हो सै।
सभ के मन की इच्छा बोलो, किसकी किसतैं पूरी हों सैं।
राजपाल गुलिया कहता, थम, भी बणो आंध्यां म्हं काणे ॥

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

कार्यकाल

### अंग्रेजों ने बदले की भावना से विशाल झज्जर रियासत को 54 वर्षों बाद ही 1858 में मात्र एक तहसील बना दिया था



# बेहद रोचक इतिहास है रियासत झज्जर का

झरोखा | यशपाल गुलिया

अंग्रेजों ने बदले की भावना से विशाल झज्जर रियासत को मात्र एक तहसील बना डाला था। पाठ्य सामग्री के अभाव के कारण झज्जर के इतिहास बारे ज्यादातर नागरिक आज तक अनभिज्ञ ही हैं। केवल झज्जर के अन्तिम नवाब के विषय में ही जाना जाता है, जबकि सन 1804 में झज्जर के एक रियासत बनने से पहले भी यह एक शासकीय दस्तूर / परगना रहा था जिस पर विभिन्न प्रशासक नियुक्त रहे थे।

झज्जर नगर की स्थापना वर्ष 1200 के आसपास भोजू जाट द्वारा की गई थी। उसके बाद नव स्थापित बस्ती ने तीव्र गति से विस्तार किया तथा सुदूर क्षेत्र अफगानिस्तान तक के नागरिक यहां आकर आबाद होने लग गए। एक दो शताब्दी के बाद यहां क्रमशः तीन बाह्य कबीलों का वर्चस्व कायम रहा। इनमें बहिस्ति कबीला, फिर पठान कबीला तथा बादशाह जहांगीर के काल में कलाल कबीले का नियन्त्रण रहा। उसके बाद दिल्ली दरबार से झज्जर पर विधिवत प्रशासक नियुक्त किए जाने लगे। इस तरह झज्जर का रूतबा एक दस्तूर स्तर का बन गया जिसके अन्तर्गत चार परगने झज्जर खास, दादरी तोए, मान्डोटी तथा बेरी दुबलधन आते थे। 16वीं शताब्दी से ही दिल्ली बादशाह के वजीर को झज्जर क्षेत्र जागीर के तौर पर प्रदान किया जाने लगा था। उस प्रचलन में विभिन्न प्रशासक नियुक्त किए गए थे। इनमें आकिल खां पठान, मीर मुश्तजा खां ईरानी, नजफ कुली खां, बेगम समरू, जार्ज थामस, फरुख नगर नवाब तथा भरतपुर राजा आदि के नाम शामिल हैं।

शाही वजीर सफदरजंग द्वारा नियुक्त मुरतजा खां ईरानी ने 1750 में झज्जर में एक किला बनाया था, जिसको गढ़ी पुकारा जाता था। यह पुराने थाने वाले स्थान पर था। उसके बाद लगभग 10 वर्षों तक फरूखनगर व झज्जर पर भरतपुर शासकों ने बलात कब्जा करके खुशहाल राय व राम किशन आदि यहां के प्रशासक नियुक्त किए थे। आश्चर्यजनक रूप से झज्जर पर वर्ष 1790 में दो सिखी साहब सिंह व मन्झा सिंह ने भी अधिकार कर लिया था। फिर 1794 से मराठों ने झज्जर को जार्ज थामस को प्रदान कर दिया, जिसने जहाजगढ़ में एक किला बनाया तथा हिसार तक के क्षेत्र पर कब्जा करके स्वतन्त्र राज्य ही बना लिया था। दिल्ली पर 1803 से अंग्रेजों का आधिपत्य होने पर उन्होंने झज्जर को एक विशाल रियासत बना दिया। इसका क्षेत्र नारनौल, महेन्द्रगढ़, दादरी व बावल तक था।





झज्जर के अंतिम नवाब द्वारा छुछकवास में बनवाया गया महल, जहां से अंग्रेजों ने उसको 1857 में बंदी बनाया था, यहां शिलालेख आज भी विद्यमान है। अंतिम नवाब द्वारा निर्मित झज्जर में स्थित महल।


### निजाबत अली खां बना पहला नवाब

निजाबत अली खां झज्जर का प्रथम नवाब बनाया गया। लेकिन 54 वर्षों बाद 1858 में झज्जर रियासत को अंग्रेजों ने ही समाप्त कर दिया था। तब तक फैज अली खां, फैज मोहम्मद खां और अब्दुर रहमान खां आदि झज्जर के नवाब रहे थे। यद्यपि अन्तिम नवाब ने 1857 में अंग्रेजों से कोई प्रत्यक्ष युद्ध नहीं किया था लेकिन उसने दिल्ली से भागकर आए अंग्रेज मैटकाफ को शरण भी नहीं दी थी। इसका खामियाजा उसको फांसी के तौर पर भुगतना पड़ा। झज्जर के सम्पूर्ण इतिहास का उल्लेख गुलाम नबी द्वारा 1860 में लिखी गई पुस्तक में भी उर्दू भाषा में उपलब्ध है।

# खाकी के कैनवास पर कला के अक्स बुन रहे एसीपी राजेन्द्र सिंह

प्रतिभा | गुलशन वर्मा

पुलिस... मतलब कड़क अंदाज, कठोर कार्यशैली, कड़ा अनुशासन। चौबीसों घंटे केस, कोर्ट-कचहरी, कानून, कायदा, कार्रवाई, कैदी, एनकाउंटर, लाठीचार्ज, हथकड़ी, जमानत, मुजरिम एफआईआर आदि आदि। ऐसा मान लिया जाता है कि पुलिस कर्मचारी या अधिकारी का जीवन भावशून्य व संवेदनाविहीन हो जाता है। खाकीधारियों की भीड़ में कुछ ऐसी शख्सियतें भी




हैं जो कठोर प्रतिबद्धता के साथ कर्तव्य पालन में आदर्श बन कर खड़े हैं पर साथ ही व्यस्त दिनचर्या में से कुछ पल निकाल कर यह साबित कर रहे हैं कि खाकी सिर्फ कठोरता का पर्याय नहीं। कला, संस्कृति, काव्य, तूलिका भी उनके जीवन में अहम स्थान रखते हैं। यह शख्सियत हैं तूलिका के मास्टर और कविता के फनकार राजेन्द्र सिंह 'कलकल'।

दिल्ली पुलिस में असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर यानी एसीपी (पीएचक्यू) राजेन्द्र सिंह को राष्ट्रीय कवि सम्मेलनों में कविता से श्रोताओं को उल्लासित, रोमांचित व भावविभोर करते देखा जा सकता है। देखते ही देखते वह साथ या सामने बैठे व्यक्ति का ऐसा सजीव कैरीकेचर बना देंगे कि आप दंग रह जाएंगे। एक 'शार्प' कार्टूनिस्ट के तौर पर 'कलकल' को अंतरराष्ट्रीय ख्याति मिली है। उनके कद्रदानों में ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री बोरिस जानसन भी हैं जिन्होंने अपना कार्टून देख कर 10, डाउनिंग स्ट्रीट (सन् 1735 से लंदन में ब्रिटिश प्रधानमंत्रियों का निवास स्थान) से 'कलकल' को प्रशंसा का पत्र भेजा। भारत के पूर्व राष्ट्रपति और देश के मिसाइल मिशन के सूत्रधार एपीजे अब्दुल कलाम को जब राजेन्द्र 'कलकल' ने उनका कैरीकेचर दिया तो वे इतने प्रभावित हुए कि उस पर लिख दिया, 'वैरी गुड कार्टून'। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व पीएम मनमोहन सिंह, कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी, सदी के मेगास्टार अमिताभ बच्चन, क्रिकेटर कपिल देव और तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा भी उनके प्रशंसकों में शामिल हैं। 'कलकल' के बनाए कार्टून पर इन सभी ने हस्ताक्षर किए हैं व कमेंट लिखे हैं। राजेन्द्र 'कलकल' के बनाए कार्टून/ कैरीकेचर की सूची काफी लंबी है। दिल्ली पुलिस के इतिहास पर किए गए शोध, साहित्यिक प्रतिभा, अध्यात्मवाद और व्यवहारवाद आदि को देख कर सहज रूप से उनकी 'वर्सेटाइल पर्सनैलिटी' का अहसास हो जाता है। हरियाणा के भिवानी जिले के मूल निवासी राजेंद्र सिंह 'कलकल' की बहुमुखी प्रतिभा पर अभी तक हरियाणा साहित्य अकादमी या केंद्र सरकार की साहित्य, कला, शिक्षा, सामाजिक एजेंसियों की नजर न पड़ना आश्चर्यजनक है।

एसीपी राजेन्द्र सिंह 'कलकल' दिल्ली पुलिस के संग्रहालय के सूत्रधार और अनुसंधानकर्ता भी हैं। किंग्स्वे कैंप स्थित यह संग्रहालय कई मायनों में अद्भुत है। 'हिस्ट्री एंड हेरिटेज बुक आफ दिल्ली' में राजेंद्र 'कलकल' का अहम योगदान है।





### दुनिया कायल है 'कलकल' की

राजेन्द्र सिंह के कद्रदानों में अटल बिहारी वाजपेयी, मनमोहन सिंह, अमिताभ बच्चन भी शामिल रहे हैं। अपना कैरीकेचर देख 'मिसाइलमैन' ने लिखा, 'वैरी गुड कार्टून', वहीं ब्रिटिश पीएम बोरिस जानसन ने लैटर भेज कर धन्यवाद किया।

दिल्ली पुलिस की पहली कॉफी टेबल बुक इन्हीं के शोध पर आधारित थी। आजादी से पहले की पुलिस यूनिफॉर्म, बंदूक, टोपी, पुलिस थानों की पहचान, फोटो, जुर्माना, पहली एफआईआर, इंस्पेक्शन बुक, पहला वायरलैस सेट जैसी अनेक रोचक और खोजपरक जानकारी इस संग्रहालय में मौजूद है। दिल्ली पुलिस की वेबसाइट 'कलकल' के कार्टूनों से भरी है। हर कार्टून इतना परफेक्ट कि आप देखते रह जाएंगे। दिल्ली पुलिस की पत्रिकाओं, कैलेंडर में उनके कार्टून छप चुके हैं। 'कलकल' जाने माने कवि भी हैं। उनकी कविताओं व साहित्य रचनाओं में जीवन के कठोर, चुटीले व रोचक किस्सों व प्रेरणादायक वृतांत का समावेश होता है। वह सामाजिक बंधनों की परंपरा को कायम रखने में भी सबसे आगे हैं। वह उपदेशक (मोटिवेशनल स्पीकर) की भूमिका भी निभा रहे हैं जिसमें वह अपने संदेशों में जीवन के प्रति आशावाद और उत्साह का संचार करते हैं। वह बाकायदा मोटिवेशनल क्लास भी लगाते हैं जिसमें दैनिक जीवन के तनावों से मुक्ति पाने के टिप्स दिए जाते हैं। ये टिप्स गीता की शिक्षा पर आधारित होते हैं। इन क्लासों में बढ़ती भीड़ इनकी निरंतर बढ़ती लोकप्रियता को स्वयं साबित करती है। इनके टिप्स बच्चे, युवा, प्रौढ़, बुजुर्ग सभी के लिए होते हैं।

**खबर संक्षेप**

### संगीतमय श्रीसुंदरकांड का पाठ आयोजित

**सोनीपत।** श्रीराम परिवार द्वारा बंदेपुर स्थित मैजिस्ट्रेट कौशिक के निवास स्थान रविवार को संगीतमय श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। मंच संचालन ओमप्रकाश ने करते हुए कहा कि भगवान श्रीरामचंद्र एवं श्री हनुमान का कथा के माध्यम से उनके चरित्र पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत भगवान की आरती एवं अमृतमय भंडारे के रूप में श्री सुंदरकांड के पाठ का समापन हुआ।

### कांग्रेस पर्यवेक्षक ने किया सम्पर्क

**सोनीपत।** कांग्रेस की केन्द्रिय पर्यवेक्षक और सांसद प्रिया गायकवाड़ ने प्रदेश पर्यवेक्षक सरदार बलविन्द्र सिंह ठरवी के साथ सोनीपत जिले की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और संगठनों से उनके पास जाकर सम्पर्क किया। नए जिलाध्यक्ष बनाने के बारे मे उनसे विस्तार से चर्चा की और नया जिलाध्यक्ष किस प्रकार का हो? इस विषय में उनके विचार लिए।

### रक्तदान शिविर में 79 यूनिट रक्त एकत्र

**सोनीपत।** परिवर्तन सोशल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से रविवार को मेक्सिको सिटी क्लब, सोनीपत में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जिलेभर से युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर कुल 79 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। आयोजन में पौधारोपण भी किया गया, जिससे रक्तदान के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

### समाज कल्याण संगठन ने रोपे 28 पौधे

**गोहाना।** समाज कल्याण संगठन द्वारा रविवार को शहर में जींद मार्ग पर पार्क के साथ शिवमुक्ति धाम में पौधरोपण किया। पौधरोपण साप्ताहिक अभियान के तहत किया गया जिसमें संगठन के सदस्यों ने बरगद, जामुन और पालमखीरा के 28 पौधे रोपे। संगठन के सदस्यों ने नवरोपित पौधों की पशुओं से सुरक्षा के लिए उनको ट्री गार्डों में संरक्षित किया। संगठन द्वारा गोहाना को ग्रीन सिटी बनाने के लिए करीब डेढ़ दशक पहले गोद लिया था। संगठन रविवार को सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथ की खाली जगह में पौधे रोपे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्र का गौरव : प्रदीप सांगवान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना

भाजपा के बरोदा हलका से पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान ने कार्यकर्ताओं के साथ जींद रोड स्थित कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम का संस्करण सुना। सांगवान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्र का गौरव हैं। वे हमेशा कार्यक्रम में देश के विकास की बात करते हुए युवाओं को प्रेरित करते हैं। प्रधानमंत्री के शासनकाल में देश उन्नति की नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है। आर्थिक दृष्टि से भारत को 11वीं से चौथी अर्थव्यवस्था पर पहुंचाने का पूरा श्रेय भी प्रधानमंत्री मोदी को जाता है। प्रदेश की नायब सैनी की सरकार भी नायाब कार्य कर रही है। इस मौके पर महेंद्र चिड़ाना, कथूरा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, डा. राममेहर राठी, रामनिवास सांगवान, महिपाल मोर, सरपंच सतपाल मान, बलबीर शामड़ी, सोनू मलिक, जगदीप सांगवान, प्रदीप देशवाल रहे।





गोहाना। लोगों की समस्याएं सुनते हुए प्रदीप सांगवान। व मन की बात कार्यक्रम सुनने के लिये सेक्टर 23 पहुंचें विधायक का स्वागत करते हुए स्थानीय निवासी।

विधायक निखिल मदान ने बताया कि नए बस स्टैंड का निर्माण और सामान्य अस्पताल में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण सोनीपत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसीलिए उन्होंने दोनों कार्य के लिए विधानसभा में मजबूत तरीके से पैरवी की थी। हरियाणा सरकार का इन कार्यों को स्वीकृति देने के लिए आभार एवं धन्यवाद प्रकट करते हैं। जल्द ही दोनों कार्य को धरातल पर शुरू किया जाएगा। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पार्टी द्वारा 25 जून 1975 में लगाए गए आपातकाल की भी चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस द्वारा लोकतंत्र और संविधान की हत्या करके 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लागू किया गया था जिसमें देश के सभी नागरिकों के लोकतांत्रिक हकों का हनन किया गया था। इस शर्मनाक कार्य के लिए कांग्रेस पार्टी को देश के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। इस मौके पर शशिकांत भारद्वाज, किरण बाला, अमित कौशिक, गौरव कौशिक, अमन योगी, सौरभ चांदना, गौतम शर्मा, विक्की, तरुण नारंग, शुभम गुप्ता, रिंकू कुमार, हर्षुल कौशल, संदीप, हरीश, रमेश, नीरज, कुलदीप आदि मौजूद रहे।

### विधायक ने सेक्टर 23 में कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आकाशवाणी के माध्यम से देशवासियों के साथ किये जाने वाले संवाद मन की बात कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। मन की बात को सुनने के लिये विधायक निखिल मदान सेक्टर 23 पहुंचें। जहां बूथ नंबर 191 के भाजपा कार्यकर्त्ता भी मौजूद रहे। विधायक निखिल मदान ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ बैठ कर मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस दौरान उन्होंने भगवान विश्वकर्मा मंडल के अंतर्गत आने वाले 191 बूथ नंबर के कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा की नीतियों को आगे बढ़ाने को लेकर भी चर्चा की।

### 'मन की बात' से फैलता है भाईचारे का संदेशः दोदवा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को लेकर रविवार को भाजपा नेता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष जसवीर दोदवा ने अपने कार्यालय पर विशेष आयोजन किया, जहां उन्होंने अपने साथियों संग कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुना। इस अवसर पर जसवीर दोदवा ने कहा कि प्रधानमंत्री के विचारों से समाज में सकारात्मकता, सेवा भावना और भाईचारे का संदेश जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी अपनी अलग पहचान बनाई है और "विकसित भारत" के संकल्प की ओर देश तेज़ी से बढ़ रहा है। जसवीर दोदवा ने कहा कि 'मन की बात' महज एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों को जोड़ने वाला सेतु है, जो हर वर्ग, हर आयु वर्ग के लिए प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं में जोश और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना का विकास होता है। इस मौके पर भाजपा नेता राजकुमार शामड़ी, मंडल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, सरपंच आजाद (सलारपुर माजरा), संजू सुरा, विनोद नैन, हरदीप, सुनील भारद्वाज, गोवर्धन सहित अन्य गणमान्य साथी उपस्थित रहे। सभी ने प्रधानमंत्री के विचारों का स्वागत करते हुए समाज में उनके सकारात्मक प्रभाव की सराहना की।

## पीएम के विभिन्न विषयों पर की चर्चा को सभी ने बड़े उत्साह से सुना

# कार्यकर्ताओं ने मन की बात राष्ट्र के नाम संबोधन को विधायक के आवास पर सुना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर चर्चा कर महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात की : योगेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राई





राई। कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के मन की बात राष्ट्र के नाम संबोधन को सुनते हुए व मन की बात कार्यक्रम सुनते मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि

राई हलका विधायक कृष्णा गहलावत के कार्यालय में रविवार को कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात राष्ट्र के नाम संबोधन को सुना। प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के बारे में बताते हुए विधायक कृष्णा गहलावत के मीडिया प्रभारी योगेश पाराशर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' में देशवासियों से बात की। इस दौरान पीएम ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की और लोगों को प्रेरित करने वाले प्रसंगों का उल्लेख किया। मन की बात में प्रधानमंत्री ने योग और स्वास्थ्य को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने 21 जून को मनाए गए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की भव्यता पर बात की और बताया कि योग के जरिए हम न केवल शरीर और मन को संतुलित करते हैं, बल्कि धरती और स्वास्थ्य के प्रति वैश्विक जिम्मेदारी भी निभाते हैं। योगेश पाराशर ने बताया कि प्रधानमंत्री ने देश की तीर्थयात्राओं पर बात करते हुए कहा कि जब कोई श्रद्धालु यात्रा पर निकलता है, तो सेवा भाव अपने आप जुड़ जाता है। भंडारे, लंगर, प्याऊ, मेडिकल कैंप और ठहरने की व्यवस्था आम जन द्वारा की जाती है, जो भारत की परंपरा का एक अद्भुत पक्ष है। मीडिया प्रभारी योगेश ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने जानकारी दी है कि लंबे समय के बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा एक बार फिर शुरू हो गई है। यह यात्रा भक्तों के लिए अत्यंत पवित्र मानी जाती है और आत्मिक अनुभव का मार्ग है। योगेश पाराशर ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से फिटनेस और स्वास्थ्य पर ध्यान देने का आग्रह किया। 'मन की बात' कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर चर्चा कर महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात की और लोगों से जुड़ने और देश की प्रगति में योगदान करने का आग्रह किया।

### कार्यक्रम से मजबूत बन रही सांस्कृति : शर्मा

गोहानासहकारिता, कारागार व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम एक मुहिम है जो देश की समृद्ध संस्कृति, विरासत को बढ़ावा देती है। यह कार्यक्रम हर भारतीय के जीवन मे बदलाव व हर नवाचार माध्यम को जन-जन तक पहुंचाने का श्रेष्ठ माध्यम बन गया है। रविवार को सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने अपने कैंप कार्यालय में कार्यक्रम का 123वां संस्करण सुना। डॉ. शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी मन की बात कार्यक्रम में हमेशा भारत की संस्कृति और इतिहास को समृद्ध बनाने और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का जिक्र करते हैं। कार्यक्रम में कभी भी राजनीति पर बात नहीं की। वे हमेशा राष्ट्र और समाज हित की बात करते हैं। इस बार के एपिसोड की शुरुआत प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन की चर्चा से की।



राई। जिला अध्यक्ष अशोक सरोहा, हल्का अध्यक्ष दिनेश चौहान बैठक के बाद कार्यकर्ताओं के साथ।

# जजपा की बैठक में सदस्यता अभियान पर मंथन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राई

- जिला अध्यक्ष अशोक सरोहा, हल्का अध्यक्ष दिनेश चौहान की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

राई हल्के की जननायक जनता पार्टी की बैठक रविवार को बहालगढ़ में पार्टी कार्यालय में हुई, जिसमें सदस्यता अभियान पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष अशोक सरोहा व हल्का अध्य्क्ष दिनेश चौहान ने की। बैठक में पार्टी संगठन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई और अभियान रणनीति तय की गई।

पार्टी कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर सदस्यता अभियान तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, युवा मतदाताओं, महिलाओं और किसानों से संवाद स्थापित करने के लिए विशेष कार्यक्रम चलाने का निर्णय लिया गया है। सरोहा ने कहा कि जननायक जनता पार्टी जनआधारित राजनीति में विश्वास रखती है। युवा सदस्य जोड़ो मुहिम को चालू किया जाए। हम कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जनसेवा की भावना से अभियान में उतरेंगे। हल्का राई के अध्यक्ष दिनेश चौहान ने कहा कि आगामी सप्ताह से हल्के में सदस्यता अभियान को और तेजी से चलाइयेंगे। जिसमें शीर्ष नेतृत्व विभिन्न गांवों का दौरा कर जनता से सदस्यता लेने के लिए आगृह करेंगे। बैठक में बिजेंद्र अंतिल मुरथल,रमेश, प्रधान राजपाल सवेली,दिलबाग सिंह अंतिल,पूर्व प्रकोष्ठ महासचिव जगबीर सरोहा,सुनील बडौली युवा हल्का प्रधान राई,अमित अंतिल,संदीप दहिया युवा कार्यकर्ता,अनिल सरोहा,सुरेन्द्र उर्फ भोलू ,नरेश कुमार वर्मा,आज़ाद सिंह, प्रवीन सवेली, जगदीश आदि मौजूद थे।



गन्नौर। कार्यक्रम में रौनक पब्लिक स्कूल में भाग लेते स्कूल के शिक्षक।

### लाइफ स्किल्स के महत्व से अवगत करवाया

**गन्नौर।** रौनक पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय क्षमता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में नीरू व निशा कुमारी ने शिक्षक वृंद को लाइफ स्किल्स के महत्व और इसके विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने मुख्य वक्ताओं नीरू व निशा कुमारी का स्वागत किया और कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताया। मुख्य वक्ता डॉ. नीरू और डॉ. निशा कुमारी ने अपनी प्रस्तुति में लाइफ स्किल्स के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और बताया कि कैसे ये स्किल्स शिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने आत्मविश्वास, संचार कौशल, समस्या समाधान, और समय प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण स्किल्स के बारे में बताया। कार्यक्रम में शिक्षक वृंद ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को अपने शिक्षण कौशल में सुधार करने और छात्रों को बेहतर तरीके से मार्गदर्शन प्रदान करने में मदद करना था। प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने मुख्य वक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम शिक्षकों के लिए बहुत उपयोगी होते हैं। इस कार्यक्रम से शिक्षकों को शिक्षण कौशल में सुधार करने और छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने में मदद मिलेगी।

# जरूरतमंदों को ट्रस्ट की स्थापना पर बैग वितरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गन्नौर

फियोना ट्रस्ट द्वारा जरूरतमंद छात्रों को ट्रस्ट की स्थापना पर स्कूल के 100 छात्रों को स्कूल बैग वितरित किए गए। ट्रस्ट के पदाधिकारी श्याम प्रकाश किलसन व बबीता किलसन ने ट्रस्ट के सदस्यों के साथ बैग वितरित किए।



गन्नौर। फियोना ट्रस्ट छात्रों को ट्रस्ट की स्थापना पर स्कूल बैग वितरित करते हुए।

ट्रस्ट के पदाधिकारी श्याम प्रकाश किलसन ने संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी पोती फियोना के जन्मदिन पर फियोना ट्रस्ट की शुरुआत की है। बबीता किलसन ने बताया कि ट्रस्ट की स्थापना का उद्देश्य को सेवा को अपना धर्म और समाज की भलाई को अपना कर्म मानना है।ज़रूरतमंदों की मदद, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, बच्चों को शिक्षा से जोड़ना, बुज़ुर्गों के लिए सेवा कार्य, स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए अभियान है। बबीता किलसन ने ट्रस्ट की भविष्य की योजनाओं और परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी कि ट्रस्ट समाज में और अधिक सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए काम करेगा। छोटे कदम ही बड़े बदलाव लाते है। इस मौके पर संतोष राठी , सुशीला ,अनीता, पूजा, ज्योति, पूनम आदि मौजूद थे।

# अरुण तीसरी बार ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य नियुक्त

गोहाना। भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरुण बड़ौक को तीसरी बार जिला ग्रीवेंस कमेटी का सदस्य नियुक्त किया गया है। भाजपा सरकार के उन पर इस विश्वास को उन्होंने और अधिक मजबूत बनाने का भरोसा दिलाया है। अरुण बड़ौक ने कहा कि भाजपा की नीति राष्ट्रवाद की है। पार्टी राष्ट्र प्रथम के नीति पर काम करती है। भाजपा की इस नीति पर देश के करोड़ों लोगों ने अपने विश्वास और समर्थन की मुहर भी लगाई है। लोगों का यही विश्वास भाजपा को तीसरी बार सत्ता में लेकर आया है। जिला उपाध्यक्ष अरुण बड़ौक ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. जवाहर लाल नेहरू ने तुष्टिकरण की नीति पर चलते संविधान में अनुच्छेद 370 जोडक़र राष्ट्रीय अखंडता को गहरी चोट पहुंचाई। भाजपा की केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में आगे बढ़ते हुए अनुच्छेद 35ए और 370 को हटाकर जम्मू-कश्मीर में देश के माथे पर लगे ग्रहण को दूर करने का काम किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने उनको तीसरी बार जिला ग्रीवेंस कमेटी का सदस्य बनाया है। वह लोगों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाकर उनका समाधान करवाएंगे।



अरुण बड़ौक।

### लीग में मदान मास्टर्स ने जीता गोल्ड कप

सोनीपत। सोनीपत शाखा, एनआईआरसी ऑफ़ आईसीएआई ने 27 जून से 1 जुलाई तक 'सीए सप्ताह' मनाया, जिसमें 28 जून को आयोजित जोशभरा "सीए चैंपियंस लीग 2025" उत्साह का दूसरा दिन था। चेयरपर्सन सीए विजय लठवाल ने उद्घाटन करते हुए कहा, यह लीग सदस्यों की खेलकूद क्षमता को उजागर करने के साथ ही आईसीएआई परिवार में आपसी मेलजोल को भी मजबूती देती है। लीग में चार पूर्व चेयरपर्सन संचालित टीमें भिड़ीं मदान मास्टर्स, गोयल जाइंट्स, वरुण विक्टर्स और संजय स्टॉर्म। जिसमें सीए अजय दहिया, सीए अंकित शर्मा, सीए संजय गर्ग, सीए पर्वीन मदान, सीए विशाल गोयल, सीए वरुण वत्स, सीए हितेश धुल्ल, सीए चंदन गजमोती, सीए विशाल मोर, सीए अंकित जैन आदि ने हिस्सा लिया। फाइनल में मदान मास्टर्स ने गोल्ड कप पर कब्ज़ा जमाया, जबकि वरुण विक्टर्स रनर-अप रहे। सिल्वर कप गोयल जाइंट्स के नाम हुआ, और संजय स्टॉर्म ने चैम्पियंस लीग में चौथे स्थान पर रहे।

**मुसीबत** गली नंबर 24 की हालत बदतर, नारकीय जीवन जीने को मजबूर कॉलोनीवासी

# कीचड़ में बैठकर जिला पार्षद ने किया प्रदर्शन मयूर विहार की बदहाली पर जताया रोष

- कॉलोनी में सीवर ओवरफ्लो से गंदा पानी गलियों में बह रहा
- तुरंत निर्माण की मांग की उठाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

शहर की मयूर विहार कॉलोनी की गली नंबर 24 में जलभराव और कीचड़ की समस्या से परेशान होकर जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने शनिवार को कीचड़ में बैठकर अनोखे अंदाज में प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।



सोनीपत। कीचड़ में बैठकर विरोध प्रदर्शन करते पार्षद साथ में स्थानीय निवासी।

उन्होंने कहा कि बारिश के चलते गली में कीचड़ जमा हो गया है और गली पक्की न होने के कारण निवासियों को खेत जैसा माहौल झेलना पड़ रहा है, जबकि यहां शहरी सुविधाओं की अपेक्षा की जाती है। संजय बड़वासनिया ने कहा कि गांवों तक की गलियां पक्की हो चुकी हैं, लेकिन शहर की इस कॉलोनी में लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। कॉलोनी में सीवर ओवरफ्लो हो रहा है और गंदा पानी गलियों में बह रहा है। बिजली के बिल, हाउस टैक्स व तमाम शुल्क चुकाने के बावजूद मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस अवसर पर कॉलोनी निवासी जोगिंदर, बिमला, कविता, सुनीता, राजवीर, सुरेश और आदिवासी भी उपस्थित रहे और सभी ने एक स्वर में प्रशासन से तुरंत गली निर्माण की मांग की।

### अनअप्रूव्ड बता पल्ला झाड़ रहा प्रशासन

पार्षद ने बताया कि गली बनवाने की बार-बार शिकायतों के बावजूद प्रशासन इस कॉलोनी को 'अनअप्रूव्ड' बताकर कार्य नहीं कर रहा है, जबकि यहां सीवर लाइन तक डाली जा चुकी है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब कॉलोनी अप्रूव्ड नहीं है, तो फिर यहां सीवर लाइन और बिजली के खंभे कैसे लगे? संजय बड़वासनिया ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द गली को पक्का नहीं किया गया, तो आगामी चुनावों में सरकार व प्रशासन को इसका करारा जवाब मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों पर जमीन पर काम न करने का आरोप लगाया और कहा कि सिर्फ फाइलों में काम दिखाया जा रहा है।

# गन्नौर में नवनियुक्त जिला कष्ट निवारण समिति सदस्य बनाने पर जताया आभार

- अनिल गोस्वामी, सुलेख चंद, त्रिलोकचंद शर्मा बने कष्ट निवारण समिति के सदस्य
- नियुक्त किए जाने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गन्नौर



अनिल गोस्वामी



अध्यक्ष सुलेख चंद।



त्रिलोकचंद शर्मा।

सरकार द्वारा हाल ही में बनाए गए जिला कष्ट निवारण समिति सदस्यों ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनिल गोस्वामी ने अपने नियुक्ति पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल कौशिक का आभार व्यक्त करते हुए कहां कि वे कष्ट निवारण समिति की बैठक में अपने क्षेत्र की समस्याओं को उठाएंगे।

विश्वकर्मा मंदिर धर्मशाला सभा के प्रधान सुलेख चंद मास्टर ने अपनी नियुक्ति पर गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान का आभार व्यक्त किया। मास्टर सुलेख चंद ने कहा कि उनकी नियुक्ति पर धर्मशाला सभा सदैव उनके आभारी रहेगी। विधायक देवेंद्र कादियान ने बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। राजलू गढ़ी निवासी गन्नौर रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति के सदस्य त्रिलोकचंद शर्मा ने कष्ट निवारण समिति का सदस्य नियुक्त किए जाने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

नवनियुक्त सदस्य त्रिलोक चंद शर्मा ने कहा कि वे कष्ट निवारण समिति की बैठक में अपने क्षेत्र के समस्याओं को उठाएंगे और उनका समाधान करवाएंगे।

## खबर संक्षेप



गन्नौर। नाबालिक के साथ मारपीट करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### नाबालिग से मारपीट मामले की जांच शुरू

**गन्नौर।** गन्नौर थाना क्षेत्र में एक नाबालिक को घर मे बंदी बनाकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायत में थाना गन्नौर निवासी एक पीड़ति ने बताया कि वह अपने घर के बाहर बैठा हुआ था। इस दौरान मांगा व मनीष वहाँ आये और उसे दादा की फौज से रिटायरमेंट की पार्टी देने के लिए अपने साथ ले गए। पीड़ति ने बताया कि वह उनके साथ चला गया और आरोपियो ने उसे लेजाकर रस्सी से बांध कर कमरे में बंद कर दिया। इस दौरान आरोपी मांगे ने उसे चाकू दिखाकर डराया ओर आरोपी मनीष ने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। शोर शराबे की आवाज सुन पड़ोसियों में उसे छुड़वाया।

### वेद प्रकाश को फिर बनाया गया बड़ा बाजार का प्रधान



वेद प्रकाश आर्य।

**सोनीपत।** आर्य समाज शहर बड़ा बाज़ार सोनीपत के साधारण अधिवेशन में कार्यकाल अवधि 2025-2026 वर्ष की कार्यकारिणी गठित करने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया करवाई गई। निर्वाचन अधिकारी सुधांशु मित्र शास्त्री (महामंत्री, आर्य केन्द्रीय सभा सोनीपत) की देखरेख में निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न की गई। साधारण सभा में उपस्थित आर्य सभासदों द्वारा वेद प्रकाश आर्य को ही पुनः सर्वसम्मति से निर्विरोध प्रधान चुना गया। नव निर्वाचित प्रधान वेद प्रकाश आर्य को ही कार्यकारिणी गठित करने का सर्वसम्मति से अधिकार भी दिया गया। जिसके बाद गठित कार्यकारिणी में संरक्षकगण ओम प्रकाश आर्य (खत्री), बुध सिंह, नित्य प्रिय आर्य को बनाया गया।

### डीसीआरयूएसटी में आज तक आवेदन : कुलगुरु

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में स्नातक व स्नातकोत्तर में आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जून है। विद्यार्थी 30 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कुलगुरु प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा, हरियाणा प्रशासनिक सेवा व हरियाणा पुलिस सेवा में कार्यरत हैं।

## ड्रेन नंबर-6 की सफाई अभियान शुरू, मेयर ने किया निरीक्षण

# बरसात से पहले जलभराव रोकने को निगम सतर्क, निकाली जा रही गाद



सोनीपत। सफाई अभियान के तहत जायजा लेने पहुंचें मेयर राजीव जैन। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

नगर निगम ने मानसून के दौरान जलभराव की समस्या से निपटने के लिए ड्रेन नंबर-6 की सफाई का विशेष अभियान शुरू कर दिया है। खासकर पुलों के नीचे जहां अक्सर गाद और कूड़ा जमा हो जाता है, वहां से गंदगी हटाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। रविवार को मेयर राजीव जैन ने मौके पर पहुंचकर कार्य का निरीक्षण किया और सफाई कार्य को पूरी मुस्तैदी से करने के निर्देश दिए। मेयर राजीव जैन ने बताया कि बरसात के समय अक्सर पुलों के नीचे कूड़ा जमा होने के कारण पानी की निकासी बाधित होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए ड्रेन नंबर-6 के सभी पुलों के आसपास सफाई कार्य करवाया जा रहा है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि ड्रेन को ढकने का कार्य लगभग 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है और पुलों को जोड़ने की योजना पर 9 करोड़ रुपये की लागत से प्रक्रिया पूरी की जा रही है। मेयर ने बताया कि ड्रेन नंबर-6 के साथ चावला कॉलोनी समेत कई कॉलोनियों की पानी निकासी लाइनें तो बिछा दी गई थीं, लेकिन पलक (निकलने का रास्ता) नहीं खोले गए थे, जिससे निकासी में बाधा आ रही थी। अब संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से उन्हें खोलने के निर्देश दे दिए गए हैं ताकि जलभराव की समस्या कम से कम हो।

### बरसात के बाद गड्ढों की भराई और सफाई पर जोर

मेयर ने कहा कि बरसात के बाद ड्रेन के आसपास की ऊबड़-खाबड़ जमीन को समतल किया जाएगा और बड़े गड्ढों को भरने का अभियान चलाया जाएगा। साथ ही ड्रेन में गंदगी फेंकने पर रोक लगाने के लिए भी सख्त कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने नागरिकों से भी सहयोग करने की अपील की ताकि शहर को साफ-सुथरा और जलभराव मुक्त बनाया जा सके।

## बारिश के इंतजाम में बीता दिन, बूंदाबांदी तक सिमटा

- सुबह उमस और गर्मी, दोपहर बाद राहत की बौछार, तापमान में आई गिरावट
- अब दो दिन और बारिश का जताया गया है अंदेशा, मौसम विभाग का ऑरेंज अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

मानसून का आगाज हो चुका है, लेकिन विधिवत बारिश नहीं हो पाई। शनिवार को आधे शहर में बरसने के बाद रविवार को पूरा दिन बारिश का इंतजार रहा। क्योंकि मौसम विभाग ने रविवार को जिले में भारी वर्षा की संभावना जताई गई थी, लेकिन रविवार को केवल बूंदाबांदी तक ही मामला निपट गया। हालांकि लगातार दूसरे दिन भी आसमान बादलों से ढका रहा। गत रोज हुई बूंदाबांदी से वातावरण में हुई नमी से लोगों को दिन भर उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। हालांकि शाम को कुछ देर के लिए हल्की बूंदाबांदी हुई, लेकिन यह भी उमस भरी गर्मी से राहत दिलाने में नाकाफी रही। मौसम विज्ञानी ने आगामी दिनों में एनसीआर में तेज हवाओं के साथ वर्षा होने का पूर्वानुमान जताया है, जिससे तापमान में भी गिरावट दर्ज की जाएगी। जून माह में प्री मानसून इस बार काफी कमजोर साबित हुआ है।

### दो डिग्री तक तापमान में गिरावट की संभावना

एनसीआर क्षेत्र में मानसून सक्रिय हो गया है, जिसके चलते सोमवार को भी तेज हवाओं के साथ वर्षा के आसार बन रहे हैं। इस दौरान तापमान में भी दो डिग्री तक की गिरावट आने की संभावना है। मौसम विज्ञानी का कहना है कि जुलाई के पहले सप्ताह के अंत तक आसमान पर आंशिक बादल छाए रहें और रुक-रुककर बूंदाबांदी का दौर जारी रहेगा। इस दौरान अच्छी वर्षा होने से लोगों को उमस से भी राहत मिलेगी।

### 85 हजार हैक्टेयर भूमि में होनी है धान की रोपाई

जून माह में कमजोर प्री मानसून की वजह से सोनीपत जिले में खरीफ सीजन रफ्तार नहीं पकड़ पा रहा था। परन्तु अगर अच्छी बरसात होती है तो इससे खरीफ सीजन की फसलों को फायदा पहुंचेगा। धान की रोपाई तेज हो जाएगी। सोनीपत जिले में इस बार 85 हजार हैक्टेयर भूमि में धान की रोपाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। हालांकि अधिक तेज बरसात होने पर सब्जी उत्पादक किसानों को परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

### गोहाना में सुबह हुई हलकी वर्षा

गोहाना में सुबह के समय हल्की वर्षा हुई और उसके बाद पूरा दिन बादल छाए रहे। अब मौसम धान की रोपाई के अनुकूल हो गया है। किसानों ने धान की रोपाई तेज कर दी है। उपमंडल में लगभग 1.20 लाख एकड़ धान की रोपाई करने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 8-10 प्रतिशत क्षेत्र में धान की रोपाई हुई है। जिन किसानों के पास सिंचाई के उपयुक्त साधन हैं वे धान की रोपाई कर रहे हैं। तीन दिन से गर्मी भी पड़ रही थी। जिससे कुछ किसानों ने धान की रोपाई रोक दी थी।

### एनसीआर में मानसून सक्रिय

एनसीआर में मानसून सक्रिय हो गया है। सोनीपत के साथ ही आसपास के क्षेत्रों में आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जुलाई के पहले सप्ताह भर आंशिक बादल छाए रहने और वर्षा होने के आसार बन रहे हैं।
-डा. प्रेमदीप, मौसम विज्ञानी, केवीके, जगदीशपुर

पिछले कई दिनों से उमस और गर्मी लोगों को परेशान कर रही थी। रविवार को सुबह से ही आसमान पर बादल छाए रहे, दिन भर लोगों को उमस और गर्मी ने परेशान रखा। शाम को बूंदाबांदी शुरू होने से जिला वासियों में राहत की उम्मीद जगी, लेकिन कुछ देर की हल्की फूहारों के बाद फिर उमस बढ़ गई। मौसम विज्ञानी का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से जिले के अधिकतर क्षेत्रों में मानसून की दस्तक हो गई है। आगामी दो दिनों तक मध्यम से तेज वर्षा होने के आसार बन रहे हैं। रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 31 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



## विधायक ने जुलाना मार्ग के नवीनीकरण का मुद्दा उठाया

**गोहाना।** गवर्नमेंट एश्योरेंस कमेटी के सदस्य होने के नाते बरोदा हलका विधायक इंदुराज नरवाल बुधवार को चंडीगढ़ स्थित हरियाणा विधानसभा परिसर में आयोजित पीडब्ल्यूडी विभाग की मौखिक परीक्षण की बैठक में शामिल हुए। विधायक ने बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष अपने विधानसभा क्षेत्र की एक अत्यंत महत्वपूर्ण सडक गोहाना-बरोदा-जुलाना मार्ग की खस्ताहाल का मुद्दा उठाया। इंदुराज नरवाल ने इस मार्ग के नवीनीकरण के लिए तैयार किया गया 28 करोड़ 78 लाख रुपये का प्राकलन भी बैठक में अधिकारियों को उपलब्ध करवाया। विधायक ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मांग की कि वह विधानसभा सत्र के दौरान किए गए अपने वादे को निभाते हुए इस मार्ग के नवीनीकरण की शीघ्र अनुमति प्रदान करें। मार्ग नवीनीकरण के लिए जल्द आवश्यक राशि आवंटित की जाए।




## सत्य मार्ग अपनाने, संयम से जीवन जीने और पुण्य अर्जित करने की प्रेरणा दी

**गन्नौर।** जैन मुनि उपेंद्र मुनि ने प्रवचन में कहा कि इंसान जीवन में चाहे कितनी भी संपत्ति, वैभव या रिश्ते जोड़ ले, अंत समय में सब यहीं छूट जाता है और व्यक्ति को अकेले ही इस संसार से जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि लोग जिस प्रिय पत्नी, पुत्र, मित्र या वस्तु को सबसे अधिक चाहते हैं, वे भी मृत्यु के बाद साथ नहीं जाते। उपेंद्र मुनि रविवार को पुरखास गांव के जैन मुनि भागमल अस्पताल के परिसर में आयोजित सत्संग कार्यक्रम में प्रवचन कर रहे थे। मुनि श्री ने बताया कि शरीर के साथ केवल पुण्य और पाप का संचित कर्म ही जाता है। मरणोपरांत व्यक्ति की संपत्ति और संबंध केवल संसार में रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि इंसान मृत्यु को भुलाकर मोह, माया और इच्छाओं में उलझा रहता है, जबकि यह निश्चित है कि जो जन्मा है, वह एक दिन मृत्यु को प्राप्त होगा। मुनि श्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सत्य मार्ग अपनाने, संयम से जीवन जीने और पुण्य अर्जित करने की प्रेरणा दी।



गोहाना। धाम के लिए गेहूं दान में करते हुए परिवार के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

## चौ. छोटूराम धाम के लिए दस कट्टे गेहूं की दान

- पोते के दसोटन पर दादा ने धाम को दिया 51 सौ रुपये का दान

हरिभूमि न्यूज ⏭गोहाना

शिवनगरी धनाना निवासी स्व. निहाल सिंह राठी के परिवार द्वारा रविवार को गांव जसिया स्थित चौ. छोटूराम धाम के लिए दस कट्टे गेहूं और 44 सौ रुपये नकद दान किया। इसके साथ ही परिवार के सदस्य और धाम की बरोदा हलका इकाई के अध्यक्ष धर्मबीर सिंह राठी द्वारा अपने पोते रघु पुत्र राकेश के दसोटन पर धाम के लिए 51 सौ रुपये अतिरिक्त दान किया गया। जिला रोहतक के गांव जसिया में दीनबन्धु चौ. छोटूराम की स्मृति में घाम का निर्माण किया गया है। धाम में एक संग्रहालय और एक पुस्तकालय है। संग्रहालय में चौ. छोटूराम के जीवन और उनके द्वारा समाज व देशहित में किए गए कार्यों से संबंधित कलाकृतियां और दस्तावेज प्रदर्शित हैं।

इस अवसर पर रामधारी राठी, रामेश्वर राठी, बलजीत राठी, बलबीर राठी, जोरा सिंह, धाम कार्यकारिणी सदस्य रामचेतन राठी और सत्यवान राठी उपस्थित रहे।

## नाइट डोमिनेशन अभियानः 2383 वाहनों की जांच, 26 किए जब्त

- अवैध हथियार, शराब, वाहन चोरी व लूट के मामलों में कई गिरफ्तार, जिलेभर में रातभर चला विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭!!!!!

जिले में कानून-व्यवस्था को सख्ती से लागू करने और असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सोनीपत पुलिस द्वारा शनिवार रात 29 जून को रात 11 बजे से रविवार सुबह 4 बजे तक जिलेभर में विशेष नाईट डोमिनेशन अभियान चलाया गया। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के दिशा-निर्देशों तथा पुलिस आयुक्त ममता सिंह (IPS) के नेतृत्व में जिले की 90 प्रतिशत पुलिस फोर्स सड़कों पर मुस्तैद रही। इस दौरान पुलिस ने 2383 वाहनों की गहन जांच की, जिनमें दोपहिया, चारपहिया, लाइट व हेवी व्हीकल शामिल थे। चेकिंग के दौरान नियम उल्लंघन पर 155 वाहनों के चालान किए गए, जबकि 26 वाहन जब्त किए गए। पुलिस उपायुक्त (क्राइम) नरेंद्र कादयान ने बताया कि नाईट डोमिनेशन अभियान के तहत शहर में अभियान चलाया गया।

### पिछले अभियानों में भी दिखा असर

गौरतलब है कि सोनीपत पुलिस द्वारा बीते कुछ महीनों से लगातार ऐसे अभियानों का संचालन किया जा रहा है। पिछले अभियान में भी पुलिस ने होटल, ढाबों, रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर चेकिंग की थी, जिसमें कई संदिग्धों से पूछताछ की गई थी और अवैध मादक पदार्थों व शराब के साथ कई गिरफ्तारियां की गई थीं।

### कड़ी कार्रवाई करेंगे

जनहित और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सोनीपत पुलिस दिन-रात तत्पर है। ऐसे अभियानों से अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास का वातावरण मजबूत होता है।
-*ममता सिंह*, पुलिस आयुक्त, सोनीपत

### इन आरोपियों को गिरफ्तार किया

⏭ अवैध शराब की तस्करी के दो मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।
⏭ अवैध हथियार रखने के एक मामले में एक आरोपी पकड़ा गया।
⏭ वाहन छीनने की घटनाओं में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार किए गए
⏭ चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक आरोपी को भी दबोचा गया।

## शिवा शिक्षा सदन विद्यालय में मां भगवती जागरण आयोजित

- भाजपा प्रदेशाध्यक्ष, जिले के पदाधिकारियों, नेताओ, समाज के विशिष्ट लोगो ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत



**सोनीपत।** जागरण में पहुंचें भाजपा प्रदेशाध्यक्ष साथ में विद्यालय निर्देशक, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं अन्य। फोटो: हरिभूमि

शिवा शिक्षा सदन विद्यालय परिसर में शनिवार की रात प्रबंधक वीरेंद्र बंसल के प्रयासों से भव्य मां भगवती जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में न केवल विद्यालय परिवार, बल्कि आसपास के क्षेत्र से श्रद्धालु, गणमान्य अतिथि, नेतागण, समाजसेवी, शिक्षकगण एवं समस्त नगरवासी शामिल हुए और मां भगवती की महिमा का गुणगान किया। विद्यालय परिसर को इस विशेष अवसर पर रंग-बिरंगी विद्युत झालरों, फूलों की आकर्षक सजावट की गई। माता रानी की सुंदर झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। माँ दुर्गा को नौ रूपों में सजाया गया। माता रानी के दरबार में दीप प्रज्वलन के बाद भक्तों ने अपने जीवन में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। जागरण में प्रसिद्ध भजन गायकों ने मां भगवती की महिमा का गुणगान कर माहौल को भक्तिरस में डुबो दिया। शिवा शिक्षा सदन विद्यालय के निर्देशक अरुण बंसल ने इस सफल आयोजन के लिए सभी का आभार प्रकट किया।

ऐसे आयोजन लोगों को आध्यात्मिक मार्ग पर अग्रसर करने के साथ-साथ सामाजिक एकता को भी सुदृढ़ करते हैं। रात्रि जागरण के समापन पर माता रानी की महाआरती का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने माता रानी के जयकारों के साथ आरती में भाग लिया। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या अलका विज, उपप्रधानाचार्या कुसुम बंसल, समस्त शिक्षकगण, अभिभावक, क्षेत्रीय प्रशासन, स्वयंसेवकों एवं श्रद्धालुओं का योगदान रहा। इस मौके पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, पूर्व जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, प्रदीप सांगवान, तरुण देवीदास, नवीन मंगला आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |


+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## 20 फीसदी विद्यार्थियों ने किया आवेदन

# आरटीईः जिले में 3638 सीटों पर 742 विद्यार्थियों को स्कूल अलॉट

- जिला के 577 निजी स्कूलों में आरटीई के तहत 646 विद्यार्थियों को मिले पहली पसंद के निजी स्कूल
- चयनित विद्यार्थी 1 से 13 जुलाई तक अलॉट किए गए निजी स्कूलों में दस्तावेज जमा करवाकर ले सकेंगे दाखिला
- सोनीपत में 2896 सीटों पर मेरिट के आधार पर होगा विद्यार्थियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत



शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम 2009 के तहत सोनीपत जिले के 577 निजी स्कूलों में 3638 सीटों पर इस वर्ष 742 विद्यार्थियों को स्कूल अलॉट किए गए हैं। इनमें से अधिकांश को उनकी पहली पसंद के अनुसार स्कूल मिले हैं। चयनित विद्यार्थी 1 जुलाई से 13 जुलाई तक संबंधित निजी स्कूलों में अपने दस्तावेज जमा करवा कर दाखिला ले सकते हैं। विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से इस वर्ष आरटीई के तहत अभिभावकों से सीधे पोर्टल पर आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

हालांकि जिले में निर्धारित कुल सीटों के मुकाबले केवल 20 प्रतिशत पर ही आवेदन प्राप्त हुए। अब शिक्षा विभाग द्वारा शेष बची 2896 सीटों पर 14 से 18 जुलाई के बीच मेरिट के आधार पर विद्यार्थियों का चयन कर दाखिला दिलवाया जाएगा।

### सोनीपत में आरटीई के तहत दाखिला स्थिति

कक्षा नर्सरी की 1921 सीटों, एलकेजी की 22, यूकेजी की 95 व कक्षा पहली की 1600 सहित कुल 3638 सीटों पर 742 अभिभावकों ने ही अपने बच्चों का आरटीई में आवेदन किया। इन सभी विद्यार्थियों को स्कूल अलॉट कर दिए गए हैं। इनमें 646 विद्यार्थियों को पहली पसंद के अनुसार स्कूल अलॉट किए गए हैं, जबकि 88 विद्यार्थियों को दूसरे व तीसरे नंबर और 08 विद्यार्थियों को चौथे व पांचवें नंबर की पसंद के स्कूल में दाखिला लेने की अनुमति प्रदान की गई है। जिला में 2896 सीट रिक्त रह गई हैं।

### ये बोले अधिकारी

विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत जरूरतमंद बच्चों का निजी स्कूलों में दाखिला करवाने के लिए स्कूल अलॉट कर दिए गए हैं। यह विद्यार्थी 1 से 13 जुलाई तक स्कूलों में अपने दस्तावेज जमा करवाकर दाखिला ले सकते हैं। शेष सीटों पर बाद में मेरिट के आधार पर विद्यार्थियों को दाखिला दिलवाया जाएगा। -सूरजभान, खंड शिक्षा अधिकारी, सोनीपत।



**गन्नौर।** विधायक देवेंद्र कादियान कथावाचक श्री गोपाल कृष्ण जी महाराज से आशीर्वाद लेते हुए । फोटो: हरिभूमि

## रामकथा सुनने से मनुष्य सभी पापों से मुक्त हो जाता है : कादियान

- पांची जाटान में रामकथा समापन पर हवन-भंडारा, विधायक कादियान ने की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭गन्नौर

गांव पांची जाटान के उदय सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रही दिव्य श्रीराम कथा का समापन भव्य रूप से हुआ। कथा का आयोजन गोपाल सेवा ट्रस्ट वृंदावन के तत्वावधान में किया गया था। समापन अवसर पर विधायक देवेंद्र कादियान पहुंचे। उन्होंने पूजन कर कथा श्रवण किया। आयोजकों ने फूलमाला और पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। कथावाचक श्री गोपाल कृष्ण जी महाराज ने कहा कि रामकथा सुनने और मनन करने से मनुष्य सभी पापों से मुक्त हो जाता है। इससे आत्मिक सुख की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि जैसे गंगा अपने प्रवाह से क्षेत्र को पावन करती है, वैसे ही जहां कथा होती है, वहां का वातावरण भी पवित्र हो जाता है। कथा के दौरान जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। महाराज जी के मधुर संगीतमय भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। कथावाचक ने विधायक को आशीर्वाद स्वरूप भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट की।